Roll No. ..............................

Total No. of Questions – 7 | Total No. of Printed Pages – **8**

Time Allowed – **3** Hours | Maximum Marks – **100**

# KVS–H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

**Marks**

1. (a) What is the law relating to determination of compensation, on breach of contract, contained in Section 73 of the Indian Contract Act, 1872 ? **5**

(b) (I) State whether the following statements are correct or incorrect : **2×1**

(i) An agreement with a minor may be ratified on his attaining majority.

(ii) A cheque marked "Not-Negotiable" is not transferable.

(II) Choose the correct answer from the following : **3×1**

(i) Which one of the following statements is not true about minor's position in the firm :

(a) He can not become a partner in the firm.

(b) A minor and a major can enter into an agreement of partnership.

(c) He can be admitted to the benefits in the firm.

(d) He can become a partner on becoming a major.

Marks

(ii) The delivery of goods by one person to another for some specific purpose and time is known as :

(a) Mortgage

(b) Pledge

(c) Bailment

(d) Charge

(iii) An agency in which the agent himself has interest in the subject matter of agency is called :

(a) Agency by estoppel

(b) Agency by holding out

(c) Agency by necessity

(d) Agency coupled with interest

(c) Explain clearly the concept of "perpetual-succession" and "common-seal" in relation to a company incorporated under the Companies Act, 1956. 5

(d) What is the law and procedure relating to registration of a non-profit organisation as a company under the Companies Act, 1956 ? 5

2\. (a) During the financial year 2010-2011 Mr. Ram was a temporary employee in Ayurved Products Limited and drawing a salary of ₹ 6000/- per month. On the basis of charge of violent behaviour within the premises of the company, he was prevented from working in the company for 60 days pending inquiry. Since there was no adverse conclusion against him, he was reinstated in the service with back salary. He worked for the remaining ten months in that financial year and thereafter resigned from the service. Afterwards, when bonus was paid to other employees, the company refused to pay bonus to Mr. Ram. Decide, whether Mr. Ram will be entitled to bonus under the provisions of the Payment of Bonus Act, 1965 ? 8

(b) State the elements which create discrimination in employment in the business organisations. 8

Marks

3. (a) How is the amount of gratuity, payable to employees in a seasonal as well as other establishments, calculated under the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972 ? What is the maximum amount of gratuity payable under the said Act ? 8

(b) What are the tips for improving inter-personal skills in a business organisation ? 8

4. (a) Whether shares at premium can be issued by a company ? What are the purposes for which the share premium account can be used under the provisions of the Companies Act, 1956 ? 8

(b) What are the fundamental principles of ethics applicable to the persons of finance and accounting profession ? 4

(c) Explain the merits and limitations of oral communication. 4

5. (a) Point out the differences between a "Cheque" and a "Bill of Exchange" under the Negotiable Instruments Act, 1881. 8

(b) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect : 2×2

(i) The responsibility of the corporate management lies towards shareholders only.

(ii) Creation of proper ethical environment requires a proper understanding of the reasons which lead to an unethical behaviour.

(c) "Importance of communication is increasing day-by-day in the business organisations." State the reasons for this increasing importance. 4

**Marks**

6. (a) Describe the procedure for converting a private company into a public company under the provisions of the Companies Act, 1956. **8**

(b) State in brief the guidelines for managing ethics and to prevent the need for whistle-blowing in the work place. **4**

(c) What are the characteristics of group personality ? **4**

7. (a) Write a short note on the composition and functions of the Central Board of Trustees under the Employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952. **4**

(b) Which documents are required to be filed with the Registrar of Companies at the time of registration of a company under the provisions of the Companies Act, 1956 ? **4**

**OR**

State the conditions whereunder the issuing of prospectus is not necessary under the provisions of the Companies Act, 1956.

(c) State the pressures which are faced by the finance and accounting professionals in an organisation in the compliance of fundamental principles of ethics. **4**

**OR**

Write a note on ecological ethics.

(d) How is "noise" a barrier to effective communication ? **4**

**OR**

Explain the concept of "Negotiation". What are its techniques ?

---

## (Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़ कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

**Marks**

1\. (अ) भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 73 के अन्तर्गत, संविदा भंग पर, क्षतिपूर्ति के निर्धारण की क्या विधि है ? **5**

(ब) (I) बताइये कि क्या निम्न कथन सत्य हैं या असत्य : **2×1**

(i) एक अवयस्क के साथ किया गया करार उसके वयस्कता प्राप्त करने पर अनुसमर्थित किया जा सकता है ।

(ii) "अपरक्राम्य" (Not-Negotiable) चिन्हित चैक अन्तरणीय नहीं होता ।

(II) निम्न में से सही उत्तर चुनिये : **3×1**

(i) एक फर्म में अवयस्क की स्थिति के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है : –

(क) वह फर्म में साझेदार नहीं बन सकता ।

(ख) एक अवयस्क एवम् एक वयस्क साझेदारी का करार कर सकते हैं ।

(ग) उसे फर्म में फायदे के लिये प्रवेश दिया जा सकता है ।

(घ) वयस्क होने पर वह साझेदार बन सकता है ।

(ii) निश्चित उद्देश्य एवम् समय के लिये एक व्यक्ति के द्वारा दूसरे को माल का परिदान (delivery) किया जाना कहा जाता है : –

(क) बन्धक

(ख) गिरवी

(ग) उपनिधान

(घ) भार

Marks

(iii) एक एजेन्सी जिसकी विषयवस्तु में स्वयं एजेन्ट हित रखता हो, कहलाती है : –

(क) विबन्ध द्वारा एजेन्सी

(ख) व्यपदेशन द्वारा एजेन्सी

(ग) आवश्यकता द्वारा एजेन्सी

(घ) हित के साथ जुड़ी एजेन्सी

(स) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निगमित कम्पनी के सम्बन्ध में "शाश्वत उत्तराधिकार" एवम् "सार्व मुद्रा" की संकल्पना को समझाइये । 5

(द) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत एक अलाभकारी (non-profit) संगठन के कम्पनी के रूप में पंजीकरण के विषय में क्या विधि एवम् प्रक्रिया है ? 5

2. (अ) वित्तीय वर्ष 2010-2011 के दौरान मि. राम आयुर्वेद प्रोडक्ट्स लिमिटेड में एक अस्थायी कर्मचारी था और ₹ 6000 मासिक वेतन पा रहा था । कम्पनी के परिसर में आक्रामक आचरण के आरोप के आधार पर लम्बित जाँच के दौरान 60 दिन तक उसे कम्पनी में काम करने से रोक दिया गया । चूँकि उसके विरुद्ध कोई निष्कर्ष नहीं था, पूर्ववर्ती वेतन पर उसे सेवा में पुनर्स्थापित कर लिया गया । उस वित्तीय वर्ष के दौरान उसने शेष दस माह तक काम किया और बाद में नौकरी से इस्तीफा दे दिया । तत्पश्चात् जब अन्य कर्मचारियों को बोनस दिया गया, कम्पनी ने मि. राम को बोनस देने से इन्कार कर दिया । निर्णीत कीजिये कि क्या बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के उपबन्धों के अन्तर्गत मि. राम बोनस के लिये हकदार है ? 8

(ब) उन तत्त्वों को बताइये जो व्यापारिक संगठनों (business organizations) में नियोजन में भेदभाव उत्पन्न करते हैं । 8

3. (अ) मौसमी एवम् अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को देय ग्रेच्युटी की रकम ग्रेच्युटी (उपादान) भुगतान अधिनियम, 1972 के उपबन्धों के अन्तर्गत कैसे निर्धारित की जाती है ? उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ग्रेच्युटी की अधिकतम कितनी रकम देय है ? 8

(ब) किसी व्यावसायिक संगठन में अन्तर्वैयक्तिक क्षमताओं के सुधार के क्या संकेत हैं ? 8

**Marks**

4. (अ) क्या एक कम्पनी अपने अंशों का निर्गमन अधिमूल्य (premium) पर कर सकती है ? कम्पनी अधिनियम, 1956 के उपबन्धों के अन्तर्गत वे कौन से उद्देश्य हैं जिनके लिये अंश अधिमूल्य खाते की रकम का उपयोग किया जा सकता है ? 8

(ब) नीतिशास्त्र के वे कौन से मूल सिद्धान्त हैं जो वित्त एवम् लेखा व्यवसाय के व्यक्तियों पर लागू होते हैं ? 4

(स) मौखिक संचार (संप्रेषण) के गुण एवम् सीमाओं को बताइये । 4

5. (अ) परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत "चैक" एवम् "विनिमय पत्र" के मध्य अन्तर बताइये । 8

(ब) कारण सहित बताइये कि क्या निम्न कथन सत्य है अथवा असत्य : 2×2

(i) कारपोरेट प्रबन्ध की जिम्मेदारी केवल अंशधारियों के प्रति है ।

(ii) उचित नीतिशास्त्रीय वातावरण की उत्पत्ति के लिये आवश्यकता है उन कारणों के ठीक तरह समझने की जो अनैतिक आचरण को बढ़ावा देते हैं ।

(स) "व्यापारिक संगठनों में दिन-ब-दिन सम्प्रेषण (communication) का महत्त्व बढ़ता जा रहा है ।" इस बढ़ते हुए महत्त्व के कारणों को बताइये । 4

6. (अ) कम्पनी अधिनियम, 1956 के उपबन्धों के अन्तर्गत एक प्राइवेट कम्पनी को लोक (public) कम्पनी में परिवर्तित करने की प्रक्रिया बताइये । 8

(ब) संक्षेप में उन निर्देशों को बताइये जो कार्यस्थल पर सीटी बजाने (whistle-blowing) की आवश्यकता को रोकते हैं तथा नैतिकता प्रस्थापित करते हैं । 4

(स) वर्ग व्यक्तित्व (group personality) की क्या विशेषताएँ हैं ? 4

Marks

7. (अ) कर्मचारी भविष्य निधि एवम् विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत केन्द्रीय न्यासी बोर्ड की संरचना एवम् कार्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये । 4

(ब) वे कौन से दस्तावेज हैं जो कम्पनी के रजिस्ट्रेशन के समय कम्पनी के रजिस्ट्रार के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत फाइल किये जाने अपेक्षित हैं ? 4

अथवा

कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत उन दशाओं को बताइये जिनमें विवरणिका (prospectus) जारी किया जाना आवश्यक नहीं है ।

(स) उन दबावों (pressures) को बताइये जिनका सामना किसी संगठन के वित्तीय एवम् लेखा व्यवसायियों को नीतिशास्त्र के मूल सिद्धान्तों की पालना में करना पड़ता है । 4

अथवा

पारिस्थितिक नीतिशास्त्र पर टिप्पणी लिखिये ।

(द) प्रभावी सम्प्रेषण में "शोर" कैसे बाधक है ? 4

अथवा

"वार्ता" की संकल्पना को समझाइये । इसकी क्या तकनीकें हैं ?

---